मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-208
23/04/2020

1857 क्रांति के महानायक थे बाबू वीर कुंवर सिंह :– मुख्यमंत्री

पटना, 23 अप्रैल 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1857 क्रांति के महानायक बाबू वीर कुँवर सिंह को उनकी जयंती पर नमन किया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में कहा कि बाबू वीर कुँवर सिंह प्रथम भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक एवं अद्भुत योद्धा थे। ब्रिटिश सत्ता के विरुद्ध उन्होंने अद्मय साहस का परिचय दिया। वे आपसी मिल्लत के मिसाल थे। उन्होंने देश को एकता एवं अखण्डता के सूत्र में बॉधने का काम किया। वे हमेशा युवाओं के लिये प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

******